रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 591] नई दिल्ली, सोमवार, मार्च 7, 2016/फाल्गुन 17, 1937
No. 591] NEW DELHI, MONDAY, MARCH 7, 2016/PHALGUNA 17, 1937

नागर विमानन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 मार्च 2016

का.आ. 683(अ).—केंद्रीय सरकार (नागर विमानन मंत्रालय की संचालन समिति), राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2013 (2013 का 26) की धारा 27 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित परिनियम बनाती है, अर्थात्-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन परिनियमों का संक्षिप्त नाम राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय पहला परिनियम 2016 है।

(2) ये परिनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होंगे।

2. परिभाषाएं.—(1) इन परिनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(*क*) "अधिनियम" से राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2013 (2013 का 26) अभिप्रेत है;

(*ख*) "खंड" से परिनियमों का वह खंड अभिप्रेत है जिसमें उक्त अभिव्यक्ति आती है;

(*ग*) "अध्यादेश" से अधिनियम के अधीन बनाए गए विश्वविद्यालय के अध्यादेश अभिप्रेत हैं;

(*घ*) "अन्य अधिकारी" से विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति, स्कूलों के डीनों, रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी और परीक्षा नियंत्रक से भिन्न, अन्य अधिकारी अभिप्रेत हैं, जिन्हें परिनियमों द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारी के रूप में घोषित किया जाएं;

(*ङ.*) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(*च*) "चयन समिति" से परिनियम 21 में निर्दिष्ट चयन समिति अभिप्रेत है;

(*छ*) "विनिर्दिष्ट" से अध्यादेशों में विनिर्दिष्ट अभिप्रेत है;

(*ज*) "स्थायी या विशेष समिति" से परिनियम 24 में निर्दिष्ट स्थायी या विशेष समिति अभिप्रेत है;

(*झ*) "संबद्धता और मान्यता बोर्ड" से परिनियम 18 में निर्दिष्ट बोर्ड अभिप्रेत है;

(ञ) "विश्वविद्यालय" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय अभिप्रेत है।

(2) यहां प्रयुक्त और अपरिभाषित किंतु अधिनियम में परिभाषित शब्दों और अभिव्यक्तियों के अर्थ अधिनियम में इन्हें क्रमश: प्रदान किए गए अर्थ होंगे।

3. कुलाधिपति.—(1) कुलाधिपति की नियुक्ति कार्यकारी परिषद् द्वारा की गई सिफारिश के आधार पर कुलाध्यक्ष या उसके नामित अधिकारी द्वारा अकादमिक, विमानन, लोक प्रशासन के क्षेत्रों, या देश के सार्वजनिक जीवन के तीन प्रख्यात व्यक्तियों में से की जाएगी:

परंतु यह भी कि यदि कुलाध्यक्ष या उसके नामित अधिकारी इस प्रकार अनुशंसित किसी भी व्यक्ति को अनुमोदित नहीं करते, तो वे कार्यकारी परिषद् से नवीन सिफारिशें मांग सकते हैं।

(2) कुलाधिपति पांच वर्ष की अवधि के लिए पद धारित करेगा और पुन:नियुक्ति का हकदार होगा:

परंतु अपनी पदावधि की समाप्ति के होते हुए भी, कुलाधिपति अपने उत्तराधिकारी के पद धारण करने तक पद पर रहेगा।

4. कुलपति.—(1) कुलपति की नियुक्ति कुलाध्यक्ष या उसके नामित द्वारा खंड (2) के अधीन गठित एक खोज-सह-चयन समिति द्वारा अनुशंसित न्यूनतम तीन व्यक्तियों में से की जाएगी, जिन्हें विमानन शिक्षा, विमानन अनुसंधान, एयरलाइन अथवा विमानपत्तन प्रशासन, हवाईअड्डा प्रबंधन या एयरलाइनों के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त हो:

परंतु यह भी कि यदि कुलाध्यक्ष या उसके नामित अधिकारी पेनल में शामिल किसी भी व्यक्ति को अनुमोदित नहीं करते, तो वे नवीन पेनल की मांग कर सकते हैं।

(2) खंड (1) में निर्दिष्ट समिति में पांच व्यक्ति शामिल होंगे जिनमें से तीन को कार्यकारी परिषद् द्वारा और दो को कुलाध्यक्ष या उसके नामिति द्वारा, नामित किया जाएगा और कुलाध्यक्ष के नामितियों में से एक इस समिति के संयोजक होंगे:

परंतु यह भी कि समिति के सदस्यों में से कोई भी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय का या विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित किसी संस्थान का कर्मचारी या विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण का सदस्य नहीं होगा।

(3) कुलपति विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा।

(4) कुलपति अपने पद ग्रहण करने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक, या पैसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद धारित करेगा और पुन: नियुक्ति का हकदार नहीं होगा;

परंतु यह भी कि पांच वर्ष की उक्त अवधि की समाप्ति होते हुए भी, वह अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति होने और पद ग्रहण करने तक पद धारित करता रहेगा:

आगे और यह भी कि कुलाध्यक्ष या उसके नामिति किसी कुलपति को उसकी पदावधि समाप्त होने के बाद उस अवधि, जैसा कि उसके द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए तक पद पर बने रहने के लिए निदेश दे सकता है, जो एक वर्ष की कुल अवधि से अधिक नहीं होगी।

(5) खंड (4) में अन्तर्विष्ट किसी भी बात के होते हुए भी, कुलाध्यक्ष या उसके नामिति, कुलपति द्वारा अपना पद ग्रहण करने के बाद किसी भी समय, लिखित आदेश द्वारा, अक्षमता, कदाचार या कानूनी उपबंधों के उल्लंघन के आधार पर कुलपति को पद से हटा सकते हैं:

परंतु यह भी कि कुलाध्यक्ष या उसके नामिति द्वारा ऐसा कोई आदेश तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि कुलपति को उसके विरुद्ध किए जाने के लिए प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध कारण बताने का युक्तियुक्त अवसर न दिया गया हो:

आगे और यह भी कि कुलाध्यक्ष या उसके नामिति ऐसा आदेश देने से पहले कुलाधिपति से परामर्श करेंगे:

परंतु यह भी कि कुलाध्यक्ष या उसके नामिति, ऐसा आदेश देने से पहले किसी भी समय, जांच के लंबित रहते, कुलपति को निलंबनाधीन रखेंगे।

(6) कुलपति की उपलब्धियां और अन्य सेवा शर्तें निम्नानुसार होंगी:

(i) कुलपति को केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर नियत दरों पर, गृह किराया भत्ते के अतिरिक्त, मासिक वेतन और भत्ते अदा किए जाएंगे, और वह, किराए के भुगतान के बिना, अपनी पूर्ण पदावधि के दौरान साज-सामान सहित आवास का उपयोग करने का हकदार होगा, और ऐसे आवास के अनुरक्षण के संबंध में कुलपति पर कोई प्रभार नहीं लगाया जाएगा;

(ii) कुलपति ऐसे सेवांत प्रसुविधाओं और भत्तों का हकदार होगा जैसा कि कुलाध्यक्ष या उसके नामिति के अनुमोदन से कार्यकारी परिषद् द्वारा समय समय पर नियत किया जाए:

परंतु यह भी कि जहां किसी विश्वविद्यालय, या महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित किसी संस्था के कर्मचारी को, या किसी अन्य विश्वविद्यालय या किसी महाविद्यालय या उस अन्य विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित या उस अन्य विश्वविद्यालय के विशेषाधिकारों में स्वीकृत किसी महाविद्यालय या संस्था के कर्मचारी की नियुक्ति कुलपति के रूप में की जाती है, तो उन्हें उस किसी भी भविष्य निधि में अंशदान करते रहने की अनुमति दी जाएगी जिसका वह सदस्य है और विश्वविद्यालय ऐसे व्यक्ति के खाते में उस भविष्य निधि में उसी दर से अंशदान करता रहेगा जिस पर वह व्यक्ति कुलपति के रूप में अपनी नियुक्ति से तुरंत पहले अंशदान करता रहा हो:

आगे यह भी कि जहां ऐसा कर्मचारी किसी पेंशन योजना का सदस्य रहा हो, वहां विश्वविद्यालय ऐसी योजना में आवश्यक अंशदान करेगा;

(iii) कुलपति ऐसी दर पर यात्रा भत्ते का हकदार होगा जैसा कि कार्यकारी परिषद् द्वारा निर्धारित की जा सकती है;

(iv) कुलपति एक कलेंडर वर्ष में तीस दिन की दर से पूर्ण वेतन पर छुट्टी का हकदार होगा और यह छुट्टी उनके खाते में पहली जनवरी और पहली जुलाई को पंद्रह दिन प्रत्येक की दो अर्धवार्षिक किश्तों में अग्रिम रूप से डाली जाएगी:

परंतु यह भी कि यदि कुलपति छमाही के जारी रहने के दौरान कुलपति का पद धारित या पदत्याग करता है, तो छुट्टी सेवा के प्रत्येक पूर्ण माह के लिए ढाई दिन की दर से आनुपातिक रूप से खाते में डाली जाएगी;

(v) उप-खंड (iv) में निर्दिष्ट छुट्टी के अतिरिक्त, कुलपति सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए बीस दिन की दर से अर्ध वेतन छुट्टी का भी हकदार होगा और इस अर्ध वेतन छुट्टी को भी चिकित्सा प्रमाणपत्र पर पूर्ण वेतन पर परिवर्तित छुट्टी के रूप में प्राप्त किया जा सकता है और जब परिवर्तित छुट्टी प्राप्त की जाती है, तो अर्ध वेतन छुट्टी की दुगनी मात्रा देय अर्ध वेतन छुट्टी के सापेक्ष डाली जाएगी।

(7) यदि कुलपति का पद मृत्यु, त्यागपत्र की वजह से या अन्यथा रिक्त हो जाता है, या वह खराब स्वास्थ्य की वजह से या किसी अन्य कारणवश अपने कर्तव्य को निष्पादित करने में विफल रहता है, तो नए कुलपति के पद ग्रहण करने तक या मौजूदा कुलपति के अपने कार्यालय में कार्यग्रहण करने के लिए उपस्थित होने तक, जैसा भी मामला हो, ज्येष्ठतम प्राचार्य कुलपति के कर्तव्यों का निष्पादन करेगा।

5. कुलपति की शक्तियां और कर्तव्य.—(1) कुलपति कार्यकारी परिषद्, अकादमिक परिषद्, संबद्धता एवं मान्यता बोर्ड, और वित्त समिति का *पदेन* अध्यक्ष होगा, और कुलाधिपति की अनुपस्थिति में, डिग्रियां प्रदान किए जाने के लिए आयोजित समारोहों और न्यायालय की सुनवाइयों में अध्यक्षता करेगा।

(2) कुलपति विश्वविद्यालय के किसी भी प्राधिकरण या किसी अन्य निकाय की किसी भी बैठक में उपस्थित होने, और उसे सम्बोधित करने का हकदार होगा, किंतु वहां मतदान करने का हकदार नहीं होगा जब तक कि वह ऐसे प्राधिकरण या निकाय का सदस्य न हो।

(3) यह देखना कुलपति का कर्तव्य होगा कि इस अधिनियम, परिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का विधिवत पालन हो, और उसके पास ऐसे अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी शक्तियां होंगी।

(4) कुलपति विश्वविद्यालय के मामलों पर नियंत्रण रखेगा और वह विश्वविद्यालय के सभी प्राधिकरणों के विनिश्चयों को लागू करेगा।

(5) कुलपति के पास विश्वविद्यालय में अनुशासन के उपयुक्त अनुरक्षण के लिए आवश्यक सभी शक्तियां होंगी और वह ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को ऐसी कोई भी शक्ति प्रत्यायोजित कर सकता है जैसा वह उचित समझे।

(6) कुलपति के पास कार्यकारी परिषद्, अकादमिक परिषद्, सम्बद्धता एवं मान्यता बोर्ड और वित्त समिति की बैठक संयोजित करने या संयोजित करवाने की शक्ति होगी।

(7) कुलपति के पास कार्यकारी परिषद् के अनुमोदन से, छह मास की अवधि के लिए ऐसे व्यक्तियों की अल्पकालिक नियुक्ति करने की शक्ति होगी जैसा वह विश्वविद्यालय के कामकाज के लिए आवश्यक समझे।

6. स्कूलों के डीन.—(1) स्कूल के प्रत्येक डीन की नियुक्ति कुलपति द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए चक्रानुक्रम में स्कूल के प्रोफेसरों में से की जाएगी:

परंतु यह भी कि यदि किसी स्कूल का केवल एक प्राचार्य हो या कोई प्राचार्य न हो, तो उस समय के लिए डीन की नियुक्ति स्कूल के प्रोफेसर, यदि कोई हो, और एसोशिएट प्रोफेसरों में से की जाएगी:

परंतु आगे यह भी कि डीन की आयु पैंसठ वर्ष होने पर उसकी इस प्रकार पदधारिता समाप्त हो जाएगी।

(2) जब डीन का पद रिक्त हो या जब बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से डीन अपने पद के कर्तव्यों के निर्वहन में असमर्थ हो, तो उस पद के कर्तव्यों का निर्वहन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिसे कुलपति द्वारा इस प्रयोजनार्थ नियुक्त किया जाए।

(3) डीन स्कूल का प्रमुख होगा और स्कूल में शिक्षण और अनुसंधान के मानकों के आचरण और अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी होगा और उसके ऐसे अन्य कार्य होंगे जैसा कि अध्यादेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए।

(4) डीन को स्कूल के स्कूल बोर्ड या समितियों, जैसा भी मामला हो, की किसी भी बैठक में उपस्थित रहने और बोलने का अधिकार होगा, किंतु उस बैठक में मतदान का अधिकार नहीं होगा जब तक कि वह उसका सदस्य न हो।

7. रजिस्ट्रार.—(1) रजिस्ट्रार की नियुक्ति इस प्रयोजनार्थ गठित चयन समिति की सिफारिश पर कार्यकारी परिषद् द्वारा की जाएगी और वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा।

(2) रजिस्ट्रार की नियुक्ति पांच वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी और वह पुन: नियुक्ति का हकदार होगा।

(3) रजिस्ट्रार की उपलब्धियों और सेवा की अन्य शर्तों और निबंधनों को अध्यादेशों में निर्धारित किया जाएगा और इन्हें समय समय पर कार्यकारी परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा:

परंतु यह भी कि रजिस्ट्रार बासठ वर्ष की आयु होने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा।

(4) जब रजिस्ट्रार का पद रिक्त हो अथवा जब रजिस्ट्रार अस्वस्थता, अनुपस्थिति के कारण या किसी अन्य कारणवश अपने पद के कर्तव्यों के निर्वहन में अक्षम रहता है, तो उस पद के कर्तव्यों का निर्वहन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिसे इस प्रयोजनार्थ कुलपति द्वारा नियुक्त किया जाए।

(5) (*क*) रजिस्ट्रार के पास, अध्यापकों और अकादमिक कर्मचारियों को छोड़कर, कार्यकारी परिषद के आदेश में दिए गए विनिर्देश के अनुसार ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने, जांच के लंबित रहते उन्हें निलंबित करने, उन्हें चेतावनी देने या उन पर दोष आरोपित करने या वेतनवृद्धि रोकने की शक्ति होगी;

परंतु यह भी कि ऐसी कोई शास्ति तब तक नहीं लगाई जाएगी जब तक कि संबंधित व्यक्ति को इस संबंध में की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध कारण बताने का युक्तियुक्त अवसर न दिया जा चुका हो।

(*ख*) उप-खंड (क) में विनिर्दिष्ट किसी भी शास्ति को लगाने के लिए रजिस्ट्रार के किसी भी आदेश के विरुद्ध कुलपति के पास अपील की जा सकेगी।

(*ग*) यदि जांच से यह खुलासा होता है कि रजिस्ट्रार की शक्ति के बाहर कार्रवाई की आवश्यकता है, तो जांच समाप्त होने पर, रजिस्ट्रार अपनी सिफारिश के साथ-साथ कुलपति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा:

परंतु यह भी कि कोई भी शास्ति लगाने के कुलपति के आदेश के विरुद्ध कार्यकारी परिषद् के पास अपील की जा सकेगी।

(6) कार्यकारी परिषद् रजिस्ट्रार को निम्नलिखित क्षमताओं में से एक या इससे अधिक में *पदेन* कार्य करने के लिए पदाभिहित कर सकती है-

(i) न्यायालय में सदस्य सचिव;

(ii) कार्यकारी परिषद् के सचिव;

(iii) अकादमिक परिषद् के सचिव;

(iv) संबद्धता एवं मान्यता बोर्ड के सचिव।

(7) संबंधित प्राधिकरण के संबंध में इस प्रकार नामित रजिस्ट्रार का कर्तव्य होगा-

(*क*) विश्वविद्यालय के अभिलेखों, सामान्य मुहर और ऐसी अन्य सम्पत्ति का अभिरक्षक बनना जैसा कि कार्यकारी परिषद् उनके प्रभार में रखे;

(*ख*) न्यायालय, कार्यकारी परिषद, शैक्षिक परिषद, संबद्धता तथा मान्यता बोर्ड और इनके द्वारा नियुक्त किसी भी समिति की बैठकों के आयोजन संबंधी सभी नोटिस जारी करना;

(*ग*) न्यायालय, कार्यकारी परिषद, शैक्षिक परिषद, संबद्ध बोर्ड तथा मान्यता इनके द्वारा नियुक्त किसी भी समिति की सभी बैठकों के कार्यवृत्त रखना;

(*घ*) न्यायालय, कार्यकारी परिषद, शैक्षिक परिषद और संबद्धता तथा मान्यता बोर्ड के कार्यालयीन पत्राचार का संचालन करना;

(ङ) अध्यादेशों द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की व्यवस्था करना तथा उनका अधीक्षण करना;

(च) जारी होते ही विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों की बैठकों की कार्यसूची की प्रतियां और ऐसी बैठकों के कार्यवृत्तों की प्रतियां कुलाध्यक्ष या उसके नामिती को उपलब्ध कराना;

(छ) विश्वविद्यालय द्वारा या उसके विरुद्ध वादों या कार्यवहियों में, विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना, पावर ऑफ एटार्नी पर हस्ताक्षर करना या इन प्रयोजनों के लिए अभिलेखों का सत्यापन करना या अपने प्रतिनिधि को नियुक्त करना;

(ज) परिनियमों, अध्यादेशों या विनियमों में विनिर्दिष्ट अनुसार या कार्यकारी परिषद या कुलपति द्वारा समय-समय पर यथा अपेक्षित ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करना।

8. वित्त अधिकारी: (1) वित्त अधिकारी की नियुक्ति इस प्रयोजन हेतु गठित चयन समिति की सिफारिशों पर कार्यकारी परिषद द्वारा की जाएगी और वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालीन वेतन भोगी अधिकारी होता है।

(2) वित्त अधिकारी की नियुक्ति 5 वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी और वह एक और समयावधि के लिए पुन: नियुक्ति के लिए पात्र होगा।

(3) वित्त अधिकारी की उपलब्धियां तथा सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें, कार्यकारी परिषद द्वारा समय-समय पर विर्निदिष्ट की जा सकेगी:

परंतु यह भी कि वित्त अधिकारी 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होगा।

(4) जब वित्त अधिकारी का पद रिक्त हो या जब वित्त अधिकारी बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्तव्यों के पालन करने में असमर्थ होता है तो उस पद के कर्तव्यों का पालन कुलपति द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किसी व्यक्ति द्वारा किया जाएगा।

(5) वित्त अधिकारी वित्त समिति का पदेन सचिव होगा, किंतु वह ऐसी समिति का सदस्य नहीं माना जाएगा।

(6) वित्त अधिकारी-

(क) विश्वविद्यालय की निधियों का साधारण पर्यवेक्षण करेगा और अपनी वित्तीय नीति के सम्बंध में सलाह देगा;

(ख) ऐसे अन्य वित्तीय कार्यों का पालन करेगा जो उसे कार्यकारी परिषद द्वारा सौंपे गए हो या परिनियमों अथवा अध्यादेशों द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए हों:

परंतु यह भी कि वित्त अधिकारी कार्यकारी परिषद के पूर्व अनुमोदन के बिना एक लाख रुपए से अधिक का कोई व्यय या कोई निवेश नहीं करेगा।

(7) कार्यकारी परिषद के नियंत्रण के अध्यधीन, वित्त अधिकारी-

(क) ट्रस्ट तथा पृष्ठांकित संपत्ति सहित विश्वविद्यालय की परिसंपत्ति और निवेशों पर नियंत्रण रखेगा और उनका प्रबंधन करेगा;

(ख) यह सुनिश्चित करेगा कि वर्ष के लिए आवर्ती तथा गैर आवर्ती व्यय कार्यकारी परिषद द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक न किया जाए और कि सभी धनराशियों को उन्हीं प्रयोजनों के लिए व्यय किया जाए जिनके लिए वे प्रदान या आवंटित की गई हैं;

(ग) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखों तथा बजट को तैयार करने और वित्त समिति द्वारा इन पर विचार किए जाने के पश्चात इन्हें कार्यकारी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के लिए उत्तरदायी होगा;

(घ) रोकड़ तथा शेष राशियों और निवेशों की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखेगा ;

(ङ) राजस्व के एकत्रण कार्य की प्रगति पर निगरानी रखेगा और एकत्रण के लिए प्रयोग की जाने वाली रीतियों पर सलाह देगा;

(*च*) विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित सभी कार्यालयों, स्कूलों, विशेष केन्द्रों, विशिष्ट प्रयोगशालाओं, कॉलेजों तथा संस्थाओं में भवनों, भूमि, फर्नीचर तथा उपस्कर के रजिस्टरों का अद्यतन रूप से अनुरक्षण करेगा और उपस्कर तथा अन्य उपभोज्य सामग्रियों की स्टाक चेकिंग को सुनिश्चित करेगा;

(*छ*) अप्राधिकृत व्यय या किसी भी अन्य वित्तीय अनियमितता की सूचना कुलपति को देगा और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई का सुझाव देगा; और

(*ज*) अपने दायित्वों के निष्पादन के लिए आवश्यक समझी जाने वाली किसी सूचना को विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित किसी कार्यालय, स्कूल, केन्द्र, प्रयोगशाला या संस्थाओं से मंगवाएगा।

(8) विश्वविद्यालय को देय किसी भी राशि के लिए वित्त अधिकारी या कार्यकारी परिषद द्वारा उसकी ओर से विधिवत रूप से प्राधिकृत या व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा दी गई किसी भी रसीद को ऐसी राशि के संदाय के लिए पर्याप्त रूप से भुगतान किया जाएगा।

9. परीक्षा नियंत्रक.—(1) परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति इस प्रयोजन हेतु गठित चयन समिति की सिफारिशों पर कार्यकारी परिषद द्वारा की जाएगी और वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालीन वेतनभोगी अधिकारी होगा।

(2) परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति 5 वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी और वह पुन: नियुक्ति के लिए पात्र होगा।

(3) परीक्षा नियंत्रक की उपलब्धियां तथा सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें, कार्यपालक परिषद द्वारा समय-समय पर विर्निदिष्ट अनुसार होंगी:

परंतु यह कि 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होगा।

(4) जब परीक्षा नियंत्रक का पद रिक्त होगा या जब परीक्षा नियंत्रक बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के दायित्वों के निर्वहन में असमर्थ होता है तो उस पद के दायित्वों का निर्वहन कुलपति द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किसी व्यक्ति द्वारा किया जाएगा।

(5) परीक्षा नियंत्रक अध्यादेशों में विनिर्दिष्ट रीति से विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की व्यवस्था और अधीक्षण करेगा ।

10. कुलानुशासक (प्रॉक्टर).—(1) प्रत्येक कुलानुशासक की नियुक्ति कुलपति की सिफारिश पर कार्यकारी परिषद द्वारा की जाएगी और वह कुलपति द्वारा उसे सौंपी गई शक्तियों का प्रयोग करेगा तथा ऐसे दायित्वों का पालन करेगा।

(2) प्रत्येक कुलानुशासक का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा और वह पुन:नियुक्ति के लिए पात्र होगा।

11. पुस्तकाध्यक्ष (लाइब्रेरियन).—(1) पुस्तकाध्यक्ष की नियुक्ति इस प्रयोजन हेतु गठित चयन समिति की सिफारिशों पर कार्यकारी परिषद द्वारा की जाएगी और वह विश्वविद्यालय का पूर्णकालीन वेतन भोगी अधिकारी होगा।

(2) पुस्तकालयाध्यक्ष कार्यपालक परिषद द्वारा उसे प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग और दायित्वों का निष्पादन करेगा।

12. वार्डेन.—(1) विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित हॉल के मामले में वार्डेन की नियुक्ति कार्यकारी परिषद द्वारा की जाएगी और अन्य मामलों में यह नियुक्ति कार्यकारी परिषद के अनुमोदन के अध्यधीन की जाएगी।

(2) वार्डेन का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा।

13. कार्यकारी परिषद की सदस्यता, गठन, गणपूर्ति तथा कार्यकाल।

(1) कार्यकारी परिषद में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्:-

(*क*) कुलपति, जो पदेन अध्यक्ष होंगे;

(*ख*) सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार या उनके द्वारा नामनिर्दिष्ट संयुक्त सचिव से अन्यून स्तर तक के अधिकारी, पदेन सदस्य होंगे;

(*ग*) महानिदेशक, नागर विमानन या उनके द्वारा नामनिर्दिष्ट संयुक्त सचिव से अन्यून स्तर तक के अधिकारी, पदेन सदस्य होंगे;

(*घ*) वित्त सलाहकार, नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार या उनके द्वारा नामनिर्दिष्ट संयुक्त सचिव से अन्यून स्तर तक के अधिकारी, पदेन सदस्य होंगे;

(*ङ*) केन्द्रीय सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय से संयुक्त सचिव से अन्यून स्तर तक के अधिकारी पदेन सदस्य होगा;

(*च*) सुरक्षा आयुक्त (नागर विमानन), नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो या उनके द्वारा नामनिर्दिष्ट अपर आयुक्त से अन्यून स्तर तक के अधिकारी, पदेन सदस्य होंगे;

(*छ*) एयरलाइन प्रचालकों के एक प्रतिनिधि को सरकार द्वारा सदस्य नामनिर्दिष्ट किया जाएगा;

(*ज*) विमानपत्तन प्रचालकों के एक प्रतिनिधि को सरकार द्वारा सदस्य नामनिर्दिष्ट किया जाएगा;

(*झ*) ज्येष्ठता के आधार पर चक्रानुक्रम में कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट एक डीन ऑफ स्कूल सदस्य होंगे;

(*ञ*) मालभाड़ा/विमान कार्गो प्रचालक संघ द्वारा नामनिर्दिष्ट मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्तर का एक सदस्य परिषद का एक सदस्य होगा;

(*ट*) भारत में प्रचालनरत अनुरक्षण, मरम्मत तथा ओवरहॉल इकाइयों द्वारा नामनिर्दिष्ट एक सदस्य;

(*ठ*) अंतर्राष्ट्रीय विमान परिवहन संघ का एक प्रतिनिधि परिषद का सदस्य होगा;

(*ड*) कुलपति की सिफारिशों के आधार पर कम से कम छः व्यक्तियों के पैनल में से कुलाध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट या विमानन शिक्षण, उद्योग, विज्ञान या प्रौद्योगिकी तथा अन्य संबंधित विषयों के संबंध में विशिष्ट ज्ञान या प्रायोगिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों में से एक सदस्य को नामनिर्दिष्ट किया जाएगा। किसी भी रिक्त पद के होने पर उस पद को दो नामनिर्दिष्ट सदस्य के पैनल से प्रतिस्थापित किया जाएगा;

(*ढ*) किसी तकनीकी विश्वविद्यालय का एक वर्तमान या भूतपूर्व कुलपति; और

(*ण*) राज्य सरकार का एक प्रतिनिधि, जहां विश्वविद्यालय स्थित है, पदेन सदस्य;

(*त*) कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थानों अथवा संबद्ध कॉलेजों का एक प्रतिनिधि जो सदस्य होगा।

(2) रजिस्ट्रार कार्यकारी परिषद का पदेन सचिव होगा।

(3) कार्यकारी परिषद के 9 सदस्य कार्यकारी परिषद की बैठक के लिए गणपूर्ति का निर्माण करेंगे।

(4) पदेन सदस्यों से भिन्न कार्यकारी परिषद के सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।

(5) एक वर्ष में कार्यकारी परिषद की कम से कम चार बैठकें होंगी और बैठक में अनुसरण किए जाने के लिए काम-काज के संचालन हेतु प्रक्रिया के नियम तथा बैठक से संबंधित ऐसे अन्य मुद्दे जो आवश्यक समझे जाएं परिनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट अनुसार होंगे।

14. कार्यकारी परिषद की शक्तियां एवं कार्य.—(1) कार्यकारी परिषद को राजस्व तथा विश्वविद्यालय की संपत्ति के प्रबंधन एवं प्रशासन और विश्वविद्यालय के सभी प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन की शक्तियां प्राप्त होंगी, जिनके लिए अन्यथा उपबंध न किया जाए।

(2) इस अधिनियम, परिनियमों तथा अध्यादशों के उपबंधों के अध्यधीन कार्यकारी परिषद को उसमें निहित शक्तियों के अतिरिक्त निम्नलिखित शक्तियां प्राप्त होंगी, यथा:

(i) विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित कॉलेजों तथा संस्थाओं के अध्यक्ष सहित शिक्षण तथा शैक्षिक पदों का सृजन करना, ऐसे पदों की संख्या तथा उपलब्धियों का अवधारण, प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों, सहायक प्रोफेसरों तथा अन्य शैक्षिक स्टाफ और प्रधानाचार्यों के कर्तव्यों और सेवा शर्तों को परिभाषित करना:

परंतु यह भी कि शैक्षिक परिषद की सिफारिशों पर विचार करने के पश्चात शिक्षकों तथा शैक्षिक स्टाफ की संख्या तथा अर्हताओं के संबंध में कार्यकारी परिषद द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी;

(ii) ऐसे प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों, सहायक प्रोफेसरों, तथा अन्य शैक्षिक कर्मचारिवृन्दों की नियुक्ति तथा अस्थायी रिक्तियों को भरने के प्रयोजन से गठित चयन समिति की सिफारिशों पर विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित कॉलेजों तथा संगठनों के प्रधानाचार्यों द्वारा यथा आवश्यक ऐसी नियुक्तियां करना;

(iii) प्रशासनिक, मंत्रालयी तथा अन्य आवश्यक पदों का सृजन करने और उनके कर्तव्यों और सेवा शर्तों को परिभाषित करने और अध्यादेश में विनिर्दिष्ट रीति में ऐसी नियुक्तियां करने हेतु;

(iv) कुलाधिपति या कुलपति से भिन्न विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी को छुट्टी की अनुमति प्रदान करना, और उस अधिकारी की अनुपस्थिति के दौरान उसके कार्यों के निष्पादन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करना;

(v) परिनियमों और अध्यादेशों के अनुसार कर्मचारियों में अनुशासन विनियमित तथा प्रवृत करानाा;

(vi) विश्वविद्यालय को वित्त, लेखों, निवेश, संपत्ति, व्यवसाय तथा अन्य सभी प्रशासनिक कार्यों के प्रबंधन तथा विनियमन हेतु तथा इस प्रयोजन के लिए ऐसे एजेंटों को नियुक्त करना, जैसा कि उपयुक्त समझा जाए;

(vii) वित्त समिति की सिफारिशों पर वर्ष के लिए कुल आवर्ती व्यय तथा कुल गैर आवर्ती व्यय की सीमा निर्धारित करना;

(viii) उपयुक्त समझे जाने के अनुसार, समय-समय पर स्टाकों, निधियों, शेयर या प्रतिभूतियों में किसी गैर आवेदित आय सहित विश्वविद्यालय की किसी धनराशि का निवेश करना या समय-समय पर ऐसे निवेशों में भिन्नता लाने की शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत में स्थावर संपत्ति का क्रय करना;

(ix) विश्वविद्यालय की ओर से किसी जंगम या स्थावर संपत्ति को हस्तांतरित करना या हस्तांतरण स्वीकार करना;

(x) विश्वविद्यालय के कार्य के निष्पादन के लिए आवश्यक भवनों, परिसरों, फर्नीचर तथा उपकरणों और अन्य साधनों को उपलब्ध करना;

(xi) विश्वविद्यालय की ओर से संविदाएं करना, परिवर्तन करना, निष्पादित करना तथा उन्हें रद्द करना;

(xii) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की किन्ही शिकायतों पर कार्रवाई करना, उस पर निर्णय देना तथा यदि उपयुक्त समझा जाए तो उनका निवारण करना;

(xiii) शैक्षिक परिषद के परामर्श के पश्चात परीक्षकों तथा माडेरेटरों की नियुक्ति करना और, यदि आवश्यक हो, तो उन्हें हटाना तथा उनके शुल्क, उपलब्धियां तथा यात्रा और अन्य भत्तों का निर्धारण करना;

(xiv) विश्वविद्यालय के लिए एक समान मोहर का चयन करना तथा इस मोहर को संभाल कर रखने व इसके प्रयोग के लिए इसे उपलब्ध कराना;

(xv) महिला विद्यार्थियों के आवास तथा सुरक्षा के लिए यथा आवश्यक विशेष व्यवस्थाएं करना;

(xvi) फैलोशिप, स्कॉलरशिप, स्टूडेंटशिप, असिस्टेंटशिप मैडल तथा पुरस्कारों की स्थापना करना;

(xvii) विजिटिंग प्रोफेसरों, सेवामुक्त प्रोफेसरों, परामर्शदाताओं तथा स्कॉलरों की नियुक्ति की व्यवस्था करना तथा उनकी नियुक्ति से संबंधित निबंधनों एवं शर्तों का अवधारण करना;

(xviii) ज्ञान वर्धन के लिए उद्योग एवं गैर सरकारी एजेंसियों के साथ भागीदारी करना तथा ऐसी भागीदारी से प्राप्त लाभों में से समग्र निधि स्थापित करना; तथा

(xix) किसी विदेशी विश्वविद्यालय अथवा विमानन सेक्टर के किसी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के साथ कार्यक्रमों के विनिमय इत्यादि के लिए सहयोग कार्य प्रचलित विनियमों के अध्यधीन करना;

(xx) विमानन महाविद्यालयों की मान्यता के लिए नियम तथा विनियम तैयार करना और उपबंध बनाना;

(xxi) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करना तथा ऐसे अन्य कर्त्तव्यों का निर्वाह करना जिनके लिए अधिनियम अथवा परिनियमों के माध्यम से शक्तियां प्रदत्त की गई हों।

15. न्यायालय की बैठकें.—(1) न्यायालय की वार्षिक बैठक के आयोजन के लिए यदि किसी वर्ष के लिए न्यायालय द्वारा कि तारीख का निर्धारण नहीं किया गया है तो इस बैठक के लिए तारीख का निर्धारण कार्यकारी परिषद द्वारा किया जाएगा।

(2) वार्षिक लेखों की प्रति के साथ पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के क्रियाकलाप की रिपोर्ट न्यायालय की वार्षिक बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

(3) वार्षिक बैठक के आयोजन की तारिख से कम से कम सात दिन पूर्व न्यायालय के प्रत्येक सदस्य को वार्षिक लेखों तथा वार्षिक रिपोर्ट की प्रति भेजी जाएगी।

(4) न्यायालय के एक तिहाई सदस्यों की उपस्थिति से न्यायालय की बैठक की गणपूर्ति पूरी हो सकेगा।

(5) न्यायालय की विशेष बैठक का आयोजन कुलपति द्वारा किया जा सकेगा।

(6) न्यायालय में निम्नलिखित सदस्य होंगे अर्थात्:-

(i) कुलपति;

(ii) विद्यालय के डीन;

(iii) विद्यार्थी कल्याण के डीन;

(iv) रजिस्ट्रार;

(v) कुलानुशासक;

(vi) वित्त अधिकारी;

(vii) ऐसे सभी प्रोफेसर जो शिक्षण विभागों के प्रमुख नहीं हैं;

(viii) ज्येष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम आधार पर कुलपति द्वारा नियुक्त ऐसे दो रीडर जो शिक्षण विभागों के अध्यक्ष नहीं हैं;

(ix) ज्येष्ठता के आधार पर कुलपति द्वारा चक्रानुक्रम में नियुक्त किए जाने वाले दो व्याख्याता;

(x) गैर-शिक्षण कर्मचारियों में से कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट दो सदस्य;

(xi) संबद्ध संस्थाओं से एक प्रतिनिधि, जो कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट संस्था का प्रधान होगा;

(xii) विद्यार्थी परिषद में से दो सदस्य;

(xiii) कुलाध्यक्ष अथवा उनके नामिती द्वारा नामनिर्दिष्ट विमानन उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच व्यक्ति;

(xiv) उस प्रत्येक राज्य अथवा संघ शासित प्रदेश से राज्य अथवा संघ शासित प्रदेश द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि सदस्य जहां विश्वविद्यालय का मुख्यालय अथवा कैम्पस स्थापित है।

(7) पदेन सदस्यों के अतिरिक्त न्यायालय के सभी सदस्यों के पद के कार्यकाल की अवधि तीन वर्ष होगी।

16. सदस्यता, संविधान, कोरम तथा शैक्षिक परिषद का कार्यकाल।

(1) शैक्षिक परिषद में निम्नलिखित सदस्य शामिल होगें अर्थात्:-

(*क*) कुलपति, जो इसके पदेन अध्यक्ष होगें;

(*ख*) शिक्षण विद्यालयों के डीन;

(*ग*) विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित कैम्पस के सभी निदेशक;

(*घ*) विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों के सभी अध्यक्ष;

(*ङ*) कुलपति द्वारा ज्येष्ठता के आधार पर चक्रानुक्रम द्वारा नामनिर्दिष्ट विश्वविद्यालय के प्रत्येक शिक्षण विभाग से एक प्रोफेसर; तथा

(*च*) कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट विमानन शिक्षा, अनुसंधान एवं सम्बद्ध विषयों के क्षेत्र के तीन प्रतिष्ठित विशेषज्ञ;

(*छ*) नागर विमानन महानिदेशालय तथा नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो प्रत्येक से नामनिर्दिष्ट एक अधिकारी जो कि संयुक्त सचिव के पद से कम न हो;

(*ज*) राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त कॉलेजों, यदि कोई हों, से दो प्रधानाचार्य।

(2) रजिस्ट्रार शैक्षिक परिषद के पदेन सचिव होगें परन्तु उन्हें मत देने का अधिकार नहीं होगा।

(3) किसी बैठक के लिए शैक्षिक परिषद के सात सदस्यों की उपस्थिति से शैक्षिक परिषद की गणपूर्ति पूरी होगी।

(4) पदेन सदस्यों के अलावा शैक्षिक परिषद के सदस्यों की पदावधि तीन वर्ष होगी।

(5) शैक्षिक परिषद की बैठकें वर्ष में कम से कम दो बार आयोजित की जाएंगी।

17.शैक्षिक परिषद को प्रदत्त शक्तियां। अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों के अध्यधीन शैक्षिक परिषद को प्रदत्त की गई अन्य सभी शक्तियों के अतिरिक्त नीचे उल्लिखित शक्तियां प्राप्त होगीं अर्थात्:-

(*क*) विश्वविद्यालय की शैक्षिक नीतियों का साधारण पर्यवेक्षण करना तथा अनुदेशों की रीति, सहकारी शिक्षण, अनुसंधानों के मूल्यांकन अथवा शैक्षिक मानकों में सुधार के संबंध में निदेश जारी करना;

(*ख*) अंतर विद्यालय आधार पर परियोजनाओं को प्रारम्भ करने के लिए अंतर विद्यालयों के मध्य समन्वय स्थापित करना, समितियों अथवा बोर्डों की स्थापना अथवा नियुक्ति करना;

(*ग*) साधारण शैक्षिक हित से संबंधित मामलों पर स्वयं प्रयास के रूप में अथवा किसी विद्यालय अथवा कार्यकारी परिषद से संदर्भ प्राप्ति पर विचार करना तथा उसके संबंध में समुचित कार्रवाई करना;

(*घ*) विश्वविद्यालय, विद्याशाखा, आवास, प्रवेश, अध्येतावृत्ति, सहायक वृत्ति, अनुसंधान सहायक वृत्ति तथा छात्रवृत्ति अवार्ड करना, फीस, रियायतें, निगमित लाईफ एवं उपस्थिति के लिए कानून तथा अध्यादेश से सुसंगत विनियमों एवं नियमों का निर्माण करना;

(*ङ*) कार्यकारी परिषद को अध्यापकों एवं अन्य शैक्षिक कर्मचारियों की संख्या एवं अर्हता के संबंध में सिफारिश करना;

(*च*) कार्यकारी परिषद को मानद डिग्रियां प्रदान किए जाने के लिए व्यक्तियों की सिफारिश करना;

(*छ*) कार्यकारी परिषद को परीक्षक तथा अनुसीमक के लिए सिफारिश प्रदान करना; तथा

(*ज*) कार्यकारी परिषद को पीठ आचार्य पदों की स्थापना के लिए सिफारिश करना।

18. सम्बद्धता एवं मान्यता प्रदान करने के लिए बोर्ड.—(1) सम्बद्धता एवं मान्यता प्रदान करने वाला बोर्ड कुलपति तथा कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट अधिकतम सात सदस्यों से मिलकर बनेगा।

(2) सम्बद्धता एवं मान्यता प्रदान करने वाले बोर्ड में कुलपति के अतिरिक्त अन्य सदस्यों का कार्यकाल उनके बोर्ड के सदस्य बनने की तारीख से तीन वर्ष के लिए होगा।

(3) सम्बद्धता एवं मान्यता प्रदान करने वाले बोर्ड के चार सदस्यों की उपस्थिति होने से बोर्ड की बैठक आयोजित किए जाने के उद्देश्य से गणपूर्ति को पूरा माना जाएगा।

(4) रजिस्ट्रार बोर्ड के पदेन सचिव होंगे।

(5) मान्यता एवं सम्बद्धता से संबंधित प्रस्तावों पर विचार किए जाने की प्रक्रिया अध्यादेश में किए गए विनिर्देशन के अनुसार होगी।

19. अध्ययन हेतु विद्यालय.—(1) विश्वविद्यालय के लिए अध्ययन विद्यालय अध्यादेश में किए गए विनिर्देशन के अनुसार होगें।

(2) प्रत्येक विद्यालय का अपना एक विद्यालय बोर्ड होगा तथा पहले विद्यालय बोर्ड के लिए सदस्यों का नामांकन कार्यकारी परिषद द्वारा किया जाएगा तथा उनके कार्यकाल की अवधि तीन वर्ष होगी।

(3) किसी विद्यालय बोर्ड की संरचना, शक्तियां तथा कृत्य अध्यादेश में किए गए विनिर्देशन के अनुसार होगें।

(4) किसी विद्यालय बोर्ड की बैठकों का संचालन तथा उसकी बैठकों के लिए अपेक्षित गणपूर्ति अध्यादेश में किए गए विनिर्देशन के अनुसार होगा।

20. वित्त समिति.—(1) वित्त समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होगें अर्थात्:-

(i) कुलपति;

(ii) नागर विमानन मंत्रालय के वित्तीय सलाहकार अथवा उनके नामनिर्देशिती;

(iii) न्यायालय द्वारा नामनिर्दिष्ट एक व्यक्ति;

(iv) कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट पांच व्यक्ति जिनमें से कम से कम एक सदस्य कार्यकारी परिषद का सदस्य हो; तथा

(v) वित्त अधिकारी, वित्तीय समिति का पदेन सचिव होगा और वह समिति का सदस्य नहीं होगा।

(2) वित्त समिति के पांच सदस्यों की उपस्थिति से वित्त समिति की किसी बैठक की गणपूर्ति पूरी हो सकेगी।

(3) पदेन सदस्यों के अतिरिक्त वित्त समिति के सभी सदस्यों के कार्यकाल की अवधि तीन वर्ष होगी।

(4) वित्त समिति के प्रत्येक सदस्य को वित्त समिति की किसी बैठक में लिए गए विनिश्चय से असहमति होने की स्थिति में अपनी असहमति को कार्यवृत्त में शामिल करने का अधिकार प्राप्त होगा।

(5) लेखा तथा व्यय के प्रस्तावों की संवीक्षा के लिए वित्त समिति की बैठकें वर्ष में कम से कम तीन बार आयोजित की जाएंगीं।

(6) पदों के सृजन तथा बजट में शामिल न की गई मदों के प्रस्ताव वित्त समिति द्वारा जांच किए जाने के पश्चात ही कार्यकारी परिषद में विचार के लिए प्रस्तुत किए जा सकेंगे ।

(7) विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखा तथा वित्तीय प्राक्कलन वित्त अधिकारी द्वारा तैयार किए जाएंगे तथा इन्हें वित्त समिति के सम्मुख विचार एवं टिप्पणियों के लिए प्रस्तुत किया जाएगा तथा इसके पश्चात् इसे कार्यकारी समिति के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जा सकेगा।

(8) वित्त समिति द्वारा विश्वविद्यालय की आय और संसाधनों के आधार पर वर्ष के दौरान आवर्ती खर्चों एवं कुल गैर आवर्ती खर्चों के लिए सीमा की सिफारिश की जा सकेगी.—(जिसमें उत्पादक कार्यों के मामले में ऋण अग्रिम भी शामिल हो सकते हैं)

21. चयन समिति.—(1) प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर, रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक एवं पुस्तकालयाध्यक्ष के पदों पर नियुक्ति के लिए कार्यकारी परिषद को सिफारिश प्रदान किए जाने के लिए चयन समिति का गठन किया जाएगा।

(2) नीचे दी गई तालिका के स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट पदों पर नियुक्ति के लिए गठित की जाने वाली चयन समिति में कुलपति सहित उक्त तालिका के स्तंभ 2 में तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट व्यक्ति शामिल होगें:

तालिका

1	2
प्रोफेसर	(i) डीन ऑफ स्कूल; (ii) विभागाध्यक्ष, यदि वे प्रोफेसर हों तो; (iii) तीन व्यक्ति जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं हों, संबंधित प्रोफेसर को उनके विशिष्ट ज्ञान, या रुचि, के लिए अकादमी परिषद द्वारा सिफारिश किए गए नामों के पैनल में से, कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट ।
ऐसोसीएट प्रोफेसर या सहायक प्रोफेसर	(i) विभागाध्यक्ष; (ii) उप-कुलपति द्वारा नामित एक व्यक्ति; (iii) दो व्यक्ति जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं हों, संबंधित ऐसोसीएट प्रोफेसर या सहायक प्रोफेसर को उनके विशिष्ट ज्ञान, या रुचि, के लिए अकादमी परिषद द्वारा सिफारिश किए गए नामों के पैनल में से, कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट।

रीडर या व्याख्याता	(i) संबंधित विभागाध्यक्ष; (ii) उप-कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट एक व्यक्ति; (iii) दो व्यक्ति जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं हों, संबंधित रीडर या व्याख्याता को उनके विशिष्ट ज्ञान, या रुचि, के लिए अकादमी परिषद द्वारा सिफारिश किए गए नामों के पैनल में से, कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट।
रजिस्ट्रार या वित्त अधिकारी या परीक्षाओं के नियंत्रक	(i) कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट दो सदस्य; (ii) कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट एक व्यक्ति जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हो
पुस्तकालाध्यक्ष	(i) कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट दो व्यक्ति जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं हैं, जिनके पास पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय प्रशासन विषय का विशिष्ट ज्ञान है; (ii) कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट एक व्यक्ति जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हो।
डीन ऑफ स्कूल ऑफ स्टडीस	तीन व्यक्ति जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं हों, जिसमें से दो को कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा तथा एक को स्कूल ऑफ स्टडीस द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे विषय जिसमें पढ़ाया जा रहा हो में उनके विशिष्ट ज्ञान, या रुचि, के लिए अकादमी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट किया गया हो।

टिप्पण-1 : *जहां अंतर-अनुशासनिक परियोजना के लिए नियुक्ति की जा रही है, परियोजना प्रमुख को संबंधित विभाग का प्रमुख माना जाएगा।*

2. कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट प्रोफेसर उस विशेषज्ञता से संबंधित प्रोफेसर होगा जिसके लिए चयन किया जा रहा है, तथा कुलपति प्रोफेसर को नामनिर्दिष्ट करने से पूर्व विभागाध्यक्ष एवं स्कूल डीन से परामर्श करेंगे।

(3) कुलपति, या फिर उसकी अनुपस्थिति में कार्यकारी कुलपति चयन समिति की बैठकों को आयोजित एवं उसकी अध्यक्षता करेंगे:

परन्तु कि चयन समिति की बैठक कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट विशेषज्ञों एवं कुलाध्यक्ष (Visitor) द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति की सुविधा के अनुसार होगा:

इसके अतिरिक्त यह कि चयन समिति विधिमान्य नहीं होगी जब तक कि:-

(क) जहां कुलाध्यक्ष (Visitor) द्वारा तथा कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों की कुल संख्या चार हो, उनमें से कम से कम तीन बैठक में भाग लें; तथा

(ख) जहां कुलाध्यक्ष (Visitor) द्वारा तथा कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों की कुल संख्या तीन हो, उनमें से कम से कम दो बैठक में भाग लें।

(4) सिफारिशों को तैयार करने में चयन समिति द्वारा अनुगमन की जा रही प्रक्रिया को अध्यादेश में निर्धारित किया जाएगा।

(5) यदि कार्यकारी परिषद चयन समिति द्वारा की गई सिफ़ारिशों को स्वीकार करने में असमर्थ है, तो ये उनके कारणों को रिकॉर्ड करेगा तथा मामले को कुलाध्यक्ष अथवा उनके द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति को अंतिम आदेश हेतु प्रस्तुत करेगा।

(6) अस्थायी पदों पर नियुक्ति निम्नलिखित प्रकार से की जाएगी:-

(i) यदि अस्थायी रिक्ती एक शिक्षा सत्र से अधिक अवधि के लिए हो, तो ये चयन समिति की सलाह पर पूर्ववर्ती खंडो में निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार भरी जाएगी:

परन्तु कि कुलपति संतुष्ट हों कि कार्य के हित में रिक्ती को भरना आवश्यक था, नियुक्ति छः मास से अनधिक की अवधि के लिए उप खंड (ii) में विनिर्दिष्ट स्थानीय चयन समिति की सलाह पर पूर्णतया अस्थायी आधार पर की जाएगी;

(ii) यदि अस्थायी रिक्ती एक वर्ष से कम की अवधि के लिए हो, तो इस प्रकार की रिक्ती पर स्थानीय चयन समिति जिसमें संबन्धित स्कूल के डीन, विभागाध्यक्ष तथा कुलपति द्वारा नामनिर्दिष्ट एक व्यक्ति शामिल होंगे, की सिफारिश पर नियुक्ति की जाएगी:

परन्तु कि यदि एक ही व्यक्ति डीन तथा विभागाध्यक्ष दोनों पदों पर नियुक्त हो, तो कुलपति द्वारा नामित दो व्यक्तियों को चयन समिति में शामिल किया जा सकता है:

परन्तु इसके अतिरिक्त यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु या फिर किसी अन्य कारण से शैक्षणिक पदों पर अचानक आकस्मिक रिक्ती होने की दशा में, डीन संबन्धित विभागाध्यक्ष के परामर्श से, एक महीने के लिए अस्थायी नियुक्ति कर सकता है तथा कुलपति तथा रजिस्ट्रार को इस प्रकार की नियुक्ति के संबंध में रिपोर्ट कर सकता है;

(iii) अस्थायी रूप से नियुक्त कोई भी शिक्षक, यदि कानून के अधीन नियुक्ति के लिए नियमित चयन समिति द्वारा सिफारिश नहीं किए जाते हैं, इस प्रकार के अस्थायी रोजगार में सेवा में नहीं रहेंगे, जब तक वे एक स्थानीय चयन समिति या नियमित चयन समिति द्वारा अस्थायी या स्थायी नियुक्ति, जो भी मामला हो, के लिए चयनित नहीं किए जाते।

22. नियुक्ति का विशेष तरीका.—(1) कार्यकारी परिषद उच्च शैक्षणिक योग्यता अथवा वृत्तिक अभ्यासि वाले किसी भी व्यक्ति को विश्वविद्यालय में प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर या रीडर या कोई दूसरे समान शैक्षिक पद को स्वीकार करने के लिए आमंत्रित कर सकती है, ऐसी निबंधनों और शर्तों जो उचित समझे व्यक्ति की उनपर सहमति के आधार पर, जैसी भी स्थिति हो, उसे पद पर नियुक्त कर सकती है:

परन्तु कि कार्यकारी परिषद इस प्रकार के व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए विनिर्दिष्ट अवधि के लिए अधिसंख्य पदों को भी सृजित कर सकती है:

इसके अतिरिक्त, इस प्रकार सृजित अधिसंख्य पदों को विश्वविद्यालय में कुल पदों के पाँच प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

(2) कार्यकारी परिषद अध्यादेश में निर्दिष्ट तरीकों के अनुसरण में एक संयुक्त परियोजना को प्रारम्भ करने के लिए शिक्षक या किसी अन्य विश्वविद्यालय या संगठन में कार्य करने वाले कर्मचारिवृन्द को नियुक्त कर सकती है।

23. नियत अवधि के लिए नियुक्ति.—कार्यकारी परिषद परिनियम 21 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चयनित एक व्यक्ति को एक नियत अवधि के लिए ऐसी निबंधनों और शर्तों जो उचित समझे पर नियुक्ति कर सकती है।

24. स्थायी या विशेष समिति.—(1) विश्वविद्यालय का कोई भी प्राधिकारी स्थायी या विशेष समिति नियुक्त कर सकेगा और ऐसा व्यक्ति जो इस प्रकार के प्राधिकरण के सदस्य नहीं है, को इस समिति में नियुक्त कर सकता है।

(2) खंड (1) के अधीन नियुक्त एक समिति, इसे सौंपे गए किसी भी विषय के साथ व्यवहार कर सकती है, बशर्ते कि इसे नियुक्त करने वाले प्राधिकारी द्वारा इसकी पश्चातकर्ता पुष्टि की गई हो।

25. अध्यापकों के लिए सेवा की निबंधनें और शर्तें तथा आचार संहिता, आदि.—(1) विश्वविद्यालय के सभी अध्यापक तथा अन्य शैक्षिक कर्मचारिवृन्द, किसी प्रतिकूल संविदा के अभाव में, परिनियम, अध्यादेशों तथा विनियमों में निर्दिष्ट आचार संहिता तथा सेवा की निबंधने और शर्तें के अध्याधीन शासित होंगे।

(2) शैक्षिक कर्मचारिवृन्द की उपलब्धियाँ अध्यादेशों में विनिर्दिष्टानुसार होंगी।

(3) विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक तथा शैक्षिक कर्मचारिवृन्द के सदस्य को लिखित संविदा पर नियुक्त किया जाएगा, जिसका प्रारूप अध्यादेश द्वारा निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) खंड (3) में निर्दिष्ट सभी संविदाओं की एक प्रति रजिस्ट्रार के पास जमा होगी।

26. अन्य कर्मचारियों के लिए सेवा की निबंधनें और शर्तें तथा आचार संहिता.—(1) अध्यापक तथा अन्य शैक्षिक कर्मचारिवृन्द के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी किसी प्रतिकूल संविदा के अभाव में, कानून, अध्यादेशों तथा विनियमों में निर्दिष्ट आचार संहिता तथा सेवा की निबंधनों तथा शर्तों के अध्याधीन शासित होंगे।

(2) अध्यापक तथा अन्य शैक्षिक कर्मचारिवृन्द के अतिरिक्त, कर्मचारियों की नियुक्तियाँ एवं उपलब्धियाँ अध्यादेशों द्वारा विनिर्दिष्टानुसार होंगी।

27. ज्येष्ठता सूची.—(1) जब भी, परिनियम के अनुसार, कोई व्यक्ति ज्येष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विश्वविद्यालय में किसी पद पर नियुक्त होता है, या फिर किसी प्राधिकारण का सदस्य बनता है, तो इस प्रकार की ज्येष्ठता उसके ग्रेड में नियमित सेवाओं की अवधि के अनुसार, तथा किसी अन्य सिद्धांत जिसे कार्यकारी परिषद समय-समय पर विहित करती है, द्वारा अवधारित की जाएगी।

(2) यह रजिस्ट्रार का कर्तव्य होगा कि वह जिनपर इन परिनियमों के उपबंध लागू होते हैं के संबंध में, खंड (1) के उपबंधों के अनुसरण में सम्पूर्ण तथा अद्यतन ज्येष्ठता सूची तैयार एवं उसका अनुरक्षण करे।

(3) यदि दो या अधिक व्यक्तियों का विशिष्ट ग्रेड में नियमित सेवा की अवधि समान है या किसी व्यक्ति या व्यक्तियों की आपेक्षिक ज्येष्ठता संदेहजनक हो, रजिस्ट्रार स्वयं, तथा किसी अन्य व्यक्ति के अनुरोध पर, कार्यकारी परिषद को मामला सौंप सकता है जिसका उस पर विनिश्चय अंतिम होगा।

28. विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को हटाया जाना.—(1) यदि विश्वविद्यालय के अध्यापक, शैक्षिक कर्मचारिवृन्द या अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध कदाचार का आरोप लगता है, तो कुलपति, अध्यापक या शैक्षिक कर्मचारिवृन्द का सदस्य, तथा अन्य कर्मचारियों के मामले में, तत्काल, ऐसे शिक्षक, शैक्षणिक स्टाफ या अन्य कर्मचारी, जैसा मामला हो, को लिखित आदेश से निलंबित कर सकते हैं, तथा कार्यकारी परिषद को जिन परिस्थितियों में आदेश दिये गए के संबंध में रिपोर्ट कर सकते हैं:

परन्तु कार्यकारी परिषद, यदि उनके विचार में, मामले की परिस्थितियाँ अध्यापक या शैक्षिक कर्मचारिवृन्द के सदस्य के निलंबन को न्यायसंगत नहीं ठहराती, तो इस प्रकार के आदेश को निरस्त कर सकती है।

(2) नियुक्ति की संविदा के निबंधनों अथवा कर्मचारियों की सेवा की किसी अन्य निबंधनों और शर्तों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, शिक्षकों और अन्य कर्मचारिवृन्दों के संबंध में कार्यकारी परिषद तथा अन्य कर्मचारियों के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी को शिक्षक अथवा शैक्षिक कर्मचारिवृन्द के सदस्य अथवा अन्य कर्मचारी, जैसा भी मामला हो, कदाचार के आधार पर सेवा से हटाने का अधिकार होगा।

(3) उपर्युक्त के अनुसार, कार्यकारी परिषद, अथवा जैसा भी मामला हो, नियुक्ति प्राधिकारी किसी भी शिक्षक, शैक्षिक कर्मचारिवृन्द के सदस्य अथवा अन्य कर्मचारी को, समुचित कारण के अलावा, सेवा से हटाने का अधिकार नहीं होगा और इसके लिए उसे तीन महीने का नोटिस अथवा इसके बजाय तीन महीने के वेतन का भुगतान किया जाना अपेक्षित होगा।

(4) खण्ड (2) अथवा खण्ड (3) के अधीन किसी भी शिक्षक, शैक्षिक कर्मचारिवृन्द के सदस्य अथवा अन्य कर्मचारी को तब तक सेवा से हटाया नहीं जाएगा जब तक कि उनके संबंध में की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध उसे कारण बताने के लिए युक्तियुक्त अवसर प्रदान नहीं किया गया हो।

(5) शिक्षक, शैक्षिक कर्मचारिवृन्द के सदस्य अथवा अन्य कर्मचारी का हटाया जाना उसी तारीख से प्रभावी होगी जिस तारीख को उसके हटाये जाने का आदेश दिया गया है:

परन्तु कि, जहां शिक्षक, शैक्षिक कर्मचारिवृन्द का सदस्य अथवा अन्य कर्मचारी उसके हटाने के समय पर निलंबनाधीन हो, यह हटाया जाना उस तारीख से प्रभावी होगी जिस तारीख को उसे निलंबित किया गया था।

(6) इस परिनियम के पूर्ववर्ती उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, शिक्षक, शैक्षिक कर्मचारिवृन्द का सदस्य अथवा अन्य कर्मचारी त्याग पत्र दे सकता है-

(क) अगर वह एक स्थाई कर्मचारी है तो कार्यकारी परिषद अथवा नियुक्ति प्राधिकारी को लिखित रूप में तीन महीने का नोटिस दिए जाने के पश्चात ही, जैसा भी मामला हो, अथवा इसके बजाय तीन महीने का वेतन संदाय करके; और

(ख) अगर वह स्थाई कर्मचारी नहीं है तो कार्यकारी परिषद अथवा नियुक्ति प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, को लिखित रूप में केवल एक महीने का नोटिस दिए जाने के पश्चात् अथवा इसके बजाय एक महीने के वेतन का संदाय करके:

परन्तु कि इस तरह का त्यागपत्र उसी तारीख को प्रभावी होगा जिस तारीख को कार्यकारी परिषद अथवा नियुक्ति प्राधिकारी, जैसा भी मामला हो, द्वारा त्यागपत्र स्वीकार किया गया है।

29. मानद उपाधियां.—(1) शैक्षिक परिषद की सिफारिश तथा उपस्थित एवं मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो तिहाई बहुमत से पारित संकल्प के आधार पर कार्यकारी परिषद मानद उपाधियां प्रदान करने के लिए कुलाध्यक्ष अथवा उसके नामनिर्देशिती के लिए प्रस्ताव तैयार करेगा:

परन्तु कि आपात स्थिति के मामले में, कार्यकारी परिषद, अपने स्वयं के प्रस्ताव पर, इस तरह के प्रस्ताव कर सकती है।

(2) उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के कम से कम दो तिहाई बहुमत से पारित संकल्प द्वारा कार्यकारी परिषद कुलाध्यक्ष या उसके नामनिर्देशिती की पूर्ववर्ती मंजूरी के साथ विश्वविद्यालय द्वारा दी गई किसी भी मानद उपाधि को वापस ले सकता है।

